कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी सम्भल वन प्रभाग, सम्भल।

पत्रांक–1874/14–1 (कैम्प चन्दौसी) दिनांक 2-5-2018।

सेवा में,

मुख्य मण्डल रिटेल सेल्स प्रबन्धक,
मुरादाबाद मण्डल कार्यालय,
इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड,
मुरादाबाद।

विषयः– सम्भल–हसनपुर मार्ग (एस0एच0–51) किमी0 97.100 के मध्य बांयी पटरी पर ग्राम चन्दावली के गाटा संख्या–151/2 में इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा विकसित किये जा रहे रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 0.071528 है0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 02 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

संदर्भः– विशेष सचिव उत्तर प्रदेश, शासन की पत्र संख्या–पी–41/14–2–2017:800(37)/2017 दिनांक–13.04.2018 एवं मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ की पत्र संख्या–2954/सम्भल/29054/2017 लखनऊ दिनांक–19.04.2018।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के द्वारा सम्भल–हसनपुर मार्ग (एस0एच0–51) किमी0 97.100 के मध्य बांयी पटरी पर ग्राम चन्दावली के गाटा संख्या–151/2 में इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा विकसित किये जा रहे रिटेल आउटलेट के लिये सैद्धान्तिक स्वीकृति में उल्लिखित शर्तों (शर्त सं0–01 से 30 तक) की अनुपालन आख्या प्रेषित करने हेतु आपको इस कार्यालय की पत्र संख्या–1853/14–1 (कैम्प चन्दौसी) दिनांक–26.04.2018 द्वारा लिखा गया है।

सन्दर्भित पत्र में उल्लिखित शर्त सं0–07 व 8 के विषय में आपको अवगत कराना है कि आप **क्षतिपूरक वृक्षारोपण की धनराशि रू0 102600/– (रू0 एक लाख दो हजार छः सौ मात्र) तथा एन0पी0वी0 की धनराशि रू0 44777/–(रू0 चौवालीस हजार सात सौ सतहत्तर मात्र) कुल धनराशि रू0 102600+44777 = 147377.00 (रू0 एक लाख सैंतालीस हजार तीन सौ सतहत्तर मात्र)** (All Amount will be paid by e-portal generated Challen only) ई–पेमेन्ट पोर्टल के माध्यम से कैम्पा, नई दिल्ली में जमा कर पावती रसीद की प्रति तथा सन्दर्भित पत्र में दिये गये बिन्दुओं (बिन्दु सं0 01 से 30 तक) की अनुपालन आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि विषयक प्रकरण में प्रभाग स्तर से अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

(एम0पी0 सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
सम्भल वन प्रभाग, सम्भल।

संख्या– / उक्तदिनांकित।

प्रतिलिपि– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ को सन्दर्भित पत्र के अनुपालन में सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि– वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक, मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।

(एम0पी0 सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
सम्भल वन प्रभाग, सम्भल।

Scanned by CamScanner